## एक नजर में

### वैगन शेड में सेंध लगाकर एल्यूमिनियम वायर चोरी



शुजालपुर, 25 जुलाई . रेलवे स्टेशन परिसर से सटे हुए रेलवे वैगन शेड में सेंधमारी कर चोरी की घटना सामने आई है . अज्ञात बदमाशों ने 22 जुलाई की रात शेड की दीवार में करीब एक फीट का छेद कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे करीब 50 हजार रुपए मूल्य के एल्यूमिनियम वायर लेकर फरार हो गए . घटना शेड में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई . फुटेज में बदमाश मोबाइल की रोशनी के सहारे चोरी करते दिखाई दे रहे हैं . कैमरों पर नजर पड़ते ही उन्होंने गमछे से चेहरा ढंक लिया और जाते समय कुछ कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया . रेलवे पुलिस शुजालपुर के संदीप कपूर ने बताया कि रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है .

### योग-प्राणायाम से स्वस्थ जीवन का संदेश



शुजालपुर, 25 जुलाई . गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का विशेष सत्र आयोजित किया गया . कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक फादर कुरियन एवं प्राचार्य सिस्टर जेस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ . विद्यालय के खेल शिक्षक मनीष इचोरिया ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया . उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और एकाग्रता में वृद्धि होती है . सूर्य नमस्कार को उन्होंने संपूर्ण शरीर के लिए श्रेष्ठ व्यायाम बताते हुए कहा कि इससे ऊर्जा, स्फूर्ति और सकारात्मक सोच का विकास होता है . सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया . उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने तथा भारतीय संस्कृति की इस अमूल्य परंपरा को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया . विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, अनुशासन, संस्कार और भारतीय परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है . कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की .

### आरसेटी शाजापुर में उद्यम सखी प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम संपन्न



शाजापुर, 25 जुलाई . ग्रामीण समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जिला शाजापुर में 20 जुलाई 2026 से 25 जुलाई तक संचालित उद्यम सखी प्रशिक्षण का समापन जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन एवं रोजगार मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुरबलवंत शितौले एवं मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक किओस्क संचालक ओम प्रकाश विश्वकर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ . प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को गैर कृषि आजीविका कार्यों से जोड़े जाने के लिए व्यावहारिक ज्ञान व मार्गदर्शन दिया गया . बलवंत शितौले द्वारा उपस्थित उद्यम सखियों को गैर कृषि आजीविका के संबंध में प्रशिक्षण प्रदाय करते हुए नवीन व्यवसाय हेतु सहयोग एवं समझाईश दी गई . प्रशिक्षित उद्यम सखियों द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों को विभिन्न प्रकार के उद्यमों से जोड़ने, शासकीय योजनाओं में ऋण सुविधा के साथ उद्यम स्थापित करने, उद्यम पंजीयन करने, पेन कार्ड बनाने एवं व्यवसाय कार्य योजना बनाने में उनकी सहायता करेंगी अंत में उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए . इसअवसर पर आरसेटी स्टाफ जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, राजेश परमार, सुमित खत्री, सुश्री तन्वी सोनी, महेश कुमार मालवीय एवं आनंद मालवीय सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे .

### विवाह दो काया नहीं, दो कुलों का मिलन है : पं . मनावत

शुजालपुर, 25 जुलाई . शहर के तनीषी गार्डन में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान शनिवार को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया . भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई, जिसके बाद कथा पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ . इस दौरान श्रद्धालुओं ने विवाह उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया . मानस मर्मज्ञ पंडित श्याम मनावत ने विवाह प्रसंग का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि विवाह दो व्यक्तियों का नहीं, दो वंशों का मिलन है . विवाह दो शरीरों का नहीं, दो आत्माओं का मिलन है . यह दो विचारों, दो मनों और अंतत : दो कुलों का पवित्र संगम है . उन्होंने कहा कि भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं और माता पार्वती श्रद्धा की स्वरूप है . श्रद्धा और विश्वास का मिलन ही शिव-पार्वती विवाह का वास्तविक संदेश है . जब भक्ति रूपी श्रद्धा, भगवान के प्रति अटूट विश्वास का वरण करती है, तभी जीवन में शिवत्व का उदय होता है . पंडित मनावत ने वैवाहिक संबंधों की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में धर्म पिता, धर्म माता तथा धर्म भाई-बहन जैसे रिश्तों की मान्यता है, लेकिन पति-पत्नी का संबंध अद्वितीय और निर्विकल्प होता है . इस रिश्ते का कोई विकल्प नहीं हो सकता . उन्होंने अपने उद्बोधन का समापन इन पंक्तियों के साथ किया ईश्वर ने नहीं बनाया तेरा कोई विकल्प है, जिंदगी तेरे साथ समझौता नहीं, संकल्प है . कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी, वैदिक रीति-रिवाज और मंगल गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया . श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की .



# तीन सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण

## प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में 200 नए विद्यालय और बनेंगे

**सुसनेर, 25 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है. प्रदेश में 14,000 करोड़ की लागत से 370 सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया जा रहा है. प्रदेश में 200 नए सांदीपनि विद्यालय और बनाए जाएंगे. यह बात प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने शनिवार को आगर में 111.40 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त आगर, सुसनेर एवं नलखेड़ा सांदीपनि विद्यालय भवनों के लोकार्पण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही.**

इस मौके पर विधायक माधव सिंह गहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई भैरूसिंह चौहान, कलेक्टर प्रीति यादव, नपाध्यक्ष निलेश जैन पटेल, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय सहित जनपद अध्यक्ष, नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारी मंचासीन रहे. प्रभारी मंत्री चौहान ने सुसनेर के सांदीपनि विद्यालय भवन का वर्चुअली लोकार्पण किया. सुसनेर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी मौजूद रहे. मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. स्कूली छात्राओं ने स्वागत नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. संस्था प्राचार्य पुनीत शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन में सांदीपनि विद्यालयों में उपलब्ध शिक्षा सुविधाओं के बारे में बताया. नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ.सौरभ जैन व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चिंतामण राठौर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कदम उठा रही है. उन्होंने विद्यार्थियों को अधिकाधिक अंक हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया.




### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान...

प्रभारी मंत्री चौहान ने रिमोट का बटन दबाकर जिले के तीन सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया . सुसनेर विद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण एलईडी स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया . इसके बाद परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं, विद्यालय के प्राचार्य, संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया .

#### अतिथियों ने किया भवन का अवलोकन

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया और विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया. उन्होंने सांदीपनि विद्यालयों को भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का मजबूत आधार स्तंभ बताया. इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, पार्षद गण, जनपद सदस्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष, सोयत व मोड़ी मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिए एसडीओपी देवनारायण यादव, बीईओ मुकेश तिवार, बीआरसी राधेश्याम पाटीदार, सीएमओ हरिओम शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अभिभावक, शिक्षकगण, पत्रकार गण तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे. संचालन शिक्षक शिवलाल दांगी व कमलेश राठौर ने किया तथा आभार बीईओ मुकेश तिवारी ने माना. जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी दीपक जैन ने दी.

## कारगिल विजय दिवस पर शुजालपुर कॉलेज में देशभक्ति रैली

शुजालपुर, 25 जुलाई. कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार, 26 जुलाई को क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति रैली, शहीदों को श्रद्धांजलि सभा एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे टेम्पो चौराहा शुजालपुर मंडी से देशभक्ति रैली के साथ होगी, जो बस स्टैंड होते हुए अटल भवन परिसर पहुंचेगी. इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन, अमर शहीदों को पुष्पांजलि, स्वागत उद्बोधन एवं अतिथियों के संबोधन होंगे. समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहेंगे, जबकि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आलोक खन्ना कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता एवं संविधान के प्रति निष्ठा का सामूहिक संकल्प, कारगिल के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन, राष्ट्रगान तथा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा.

## मक्सी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 .80 लाख रुपये की स्मैक व बाइक जब्त

**मक्सी, 25 जुलाई. मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मक्सी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 4 लाख 80 हजार रुपये मूल्य की अवैध स्मैक एवं एक मोटरसाइकिल जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 41 ग्राम स्मैक तथा एमपी 09 डीआर 6037 क्रमांक एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है.**

पुलिस महानिदेशक भोपाल के द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है. पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में मक्सी थाना प्रभारी मदन इवने के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर मक्सी बायपास झोंकर ब्रिज के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी केवलसिंह पिता प्रेमनारायण मीणा 55 वर्ष निवासी पीपलखेड़ा थाना मृगवास जिला गुना तथा आरोपी प्रीतमसिंह भील पिता रामप्रसाद भील 32 वर्ष निवासी कोनियाडांग थाना चांचौड़ा जिला गुना को गिरफ्तार किया. आरोपियों के पास से 41 ग्राम स्मैक जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 10 हजार रुपये तथा 70 हजार रुपये कीमत की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की गई. कुल जब्ती का मूल्य 4 लाख 80 हजार रुपये बताया गया है. पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है. कार्रवाई में थाना प्रभारी मदन इवने, सउनि नरेन्द्र सिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक रामेश्वर जाटव, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, प्रधान आरक्षक विपिन सिंह तोमर एवं आरक्षक चंद्रशेखर जाट की सराहनीय भूमिका रही.



## जिला जेल में शीतल छाया गोनिवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ



**शाजापुर, 25 जुलाई. शनिवार को जिला जेल में शीतल छाया गोनिवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया.**

जेल अधीक्षक दुष्यंत कुमार पगारे ने बताया कि जैन संत शीतलराज महाराज द्वारा शनिवार को जिला जेल में गौसेवा एवं जीवदया के पावन उद्देश्य से निर्मित होने वाले शीतल छाया गोनिवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया. इस अवसर पर परम पूज्य गुरुदेव ने गोनिवास की प्रस्तावित भूमि को पावन एवं पुण्यभूमि बनाते हुए समस्त श्रद्धालुओं को गौसेवा, जीवदया एवं करुणा का संदेश प्रदान किया. साथ ही उन्होंने प्रवचनों में कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है. गौमाता की सेवा एवं संरक्षण मानव जीवन में करुणा, संवेदना और धर्म के संस्कारों को सुदृढ़ करता है, इसके उपरांत गुरुदेव द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियो को अच्चे कर्म करने एवं जीवन में सुधार करने हेतु उपदेश दिए गए. इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक सुनील कुमार मंडलेकर, शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहा.

## तीन भैंसें चोरी कर डेढ़ लाख की फिरौती मांगी

**जान से मारने की धमकी से डरा किसान, एक माह बाद पहुंचा थाने**

**मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की**

**शुजालपुर, 25 जुलाई. सिटी थाना क्षेत्र के गांव मंडावर निवासी एक किसान की तीन भैंसें चोरी होने के मामले में नया मोड़ सामने आया है. किसान का आरोप है कि चोरी के कुछ दिन बाद उसे अपनी एक भैंस एक पिकअप वाहन में मिली. भैंस वापस देने के एवज में आरोपियों ने डेढ़ लाख रुपए की मांग की और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी. भय के चलते किसान ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों के बाद अब थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है.**

पुलिस के अनुसार ग्राम मंडावर निवासी 45 वर्षीय शिवनारायण परमार ने पुलिस को बताया कि बताया कि 21 जून की रात घर पर ही परिवार के साथ सोने के बाद सुबह पशुशाला पहुंचे तो उनके हौंस उढ़ गए क्योंकि रात को जहां पर उसने भैंस बांधी थी वहा से तीनों भैंसें गायब थीं. तलाश के दौरान खेतों से होते हुए पैरों के निशान रायपुर-धारियाखेड़ी की ओर मिले. बाद में मिली जानकारी के आधार पर वह परिजनों के साथ रंथभंवर क्षेत्र पहुंचे, जहां रेलवे फाटक के पास खड़ी एक पिकअप में उन्हें अपनी एक भैंस दिखाई दी. फरियादी का आरोप है कि पिकअप के पास मौजूद मेहरबान सिंह गुर्जर ने भैंस लौटाने के बदले डेढ़ लाख रुपए की मांग की. विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई. बाद में आरोपियों ने उसकी एक भैंस और फिर शेष दो भैंसें भी गांव पहुंचाकर छोड़ दीं, लेकिन पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी. रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि पिछले कुछ दिनों से आरोपी लगातार मोबाइल फोन पर रुपए मांगते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं. इससे परेशान होकर फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## पं .जोशी बने श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश संगठन मंत्री

शुजालपुर, 25 जुलाई. श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ ने संगठन के विस्तार और समाज सेवा की गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है. इसके तहत पं. जनकराय जोशी को मध्यप्रदेश का प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है. संगठन ने जोशी की सक्रिय सामाजिक भागीदारी, संगठन के प्रति समर्पण और समाजहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है. प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त होने पर समाजजनों, एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पं. जनकराय जोशी को बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं.

## जनशिक्षकों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**शाजापुर, 25 जुलाई. जिले के सभी विकासखंड के जनशिक्षकों का 5-5 दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण के प्रथम चरण का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट शाजापुर में 20 जुलाई से प्रशिक्षण शुरू हुआए जो कि 5 दिनों तक विभिन्न अकादमिक बिंदुओं पर जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सीएसी की भूमिका एवं दायित्व, सीएसी की अकादमिक मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग, आदर्श विद्यालय, निर्माण प्रक्रिया, एसएमसी का सुदृढ़ीकरण, छात्र के लिए सरकारी योजनाएं, एजुकेशन पोर्टल 3.0, वार्षिक कार्य योजना निर्माण, 21 वीं सदी के कौशल एवं जीवन कौशल, शैक्षणिक मेंटरिंग आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जनशिक्षकों से परिचर्चा आयोजित की गई.**




जिसका समापन 24 जुलाई शुक्रवार को सभी जनशिक्षकों से 5 दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक डाइट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव द्वारा लिया गया. इसके पश्चात डाइट प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव द्वारा सभी जनशिक्षकों को इन 5 दिनों में जो प्रशिक्षण दिया गया. उसको अपने-अपने केन्द्र अंतर्गत शालाओं के अकादमिक उन्नयन में सहयोगी साबित होगा. ऐसी सभी से अपेक्षा की गई. प्रशिक्षण प्रभारी अशोक कारपेंटर द्वारा सभी जनशिक्षकों को आनलाइन एआई के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. फीडबैक में जनशिक्षक गिरीश नाथ, दिनेश मंडलोई, संजय देशमुख, विनय जैन, चंदरसिंह वर्मा, लोकेश राठौर आदि द्वारा इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण को सभी जनशिक्षकों के लिए बहुत ही अधिक उपयोगी एवं क्षमता संवर्धन करने वाला बताया. उक्त प्रशिक्षण के समापन सत्र में प्रशिक्षण प्रभारी अशोक कारपेंटर, डाइट व्याख्याता एमडी शर्मा, बीएल बैरागी, दीपक शर्मा सहित सभी मास्टर ट्रेनर प्रमोद गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, घनश्याम पाटीदार, मनोज शर्मा, शिवनारायण कादरा सहित जिले के चारों विकासखंड के 31 जनशिक्षक उपस्थित रहे. कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी जनशिक्षकों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी डाइट शाजापुर की ओर डाइट प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किए गए. डाइट प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव के अनुसार इस जनशिक्षक क्षमतावर्धन प्रशिक्षण के दूसरे चरण का शुभारंभ 27 जुलाई से शुरू होगा, जो 31 जुलाई तक चलेगा. प्रशिक्षण से शेष रहें जिले के सभी विकासखंड के जनशिक्षक सहभागिता करेंगे.

**एक नजर में** — पुलिस अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं को लगाए बैच

## कौटिल्य एज्युकेशन में हुआ पद अलंकृण समारोह का आयोजन

**शाजापुर, 25 जुलाई. पद तो हर किसी को मिल जाता है लेकिन इस पर बने रहना आसान नहीं होता. यह आभूषण नहीं होता बल्कि जिम्मेदारी होती है जिसे निभाना आसान नहीं होता. पद मिलने के बाद आपको जिम्मेदारी का निर्वहन इस तरीके से करना होता है कि लोग आपका अनुसरण करें. आज विद्यालय ने आपको इस पद के लिए काबिल समझा है तो आपको भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना बहुत जरूरी है, ताकि आप लोगों के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर सकें और लोग आपकी मिसाल दें.**



यह बात पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने एबी रोड स्थित कौटिल्य एज्यूकेशन में आयोजित पद अलंकृण समारोह को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि आप केवल जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं बल्कि आपको वह अवसर मिल रहा है जिससे आप खुद को बदल सकते हो. उन्होंने कहा कि जीवन में बार-बार हर किसी को मौके नहीं मिलते है. यह मौका आज आपको विद्यालय परिवार द्वारा दिया जा रहा है जिसका आप फायदा ले सकते हैं. आज कई युवा राजनीति मेंए परिवार में और खेल के मैदान में अपनी नेतृत्व क्षमता से खुद की पहचान बनाए हुए है. आपको भी विद्यालय द्वारा दिए जा रहे इस अवसर का लाभ लेते हुए अपने परिवार और देश का नाम रोशन कर सकें. कार्यक्रम को विद्यालय संचालिका शशि यादव, विद्यालय प्राचार्य नरेंद्रसिंह डोडिया, पंकज यादव, आर्यन यादव ने भी संबोधित किया, संचालन उप प्राचार्य रामकृष्ण पाटीदार ने किया.

### विद्यार्थियों को लगाए बैच दी शुभकामनाएं

कौटिल्य एज्यूकेशन एकेडमी परिवार द्वारा जिन विद्यार्थियों को चुना था उन सभी को एसपी शुक्ला ने बैच लगाकर इस पद के लिए शुभकामनाएं दी . इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने अपने पद की गरिमा बनाए रखने की शपथ भी ली . इसके बाद अतिथियों ने सभी नए पदाधिकारियों का स्वागत किया .

### नाटक के जरिए दिखाया नशे का भयानक चेहरा

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में जिलेभर में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत शनिवार को कौटिल्य स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया . जहां विद्यालय परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों के साथ ही वहां उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को एक जीवंत एवं प्रभावशील नाट्य प्रस्तुति दी . इसके माध्यम से उन्होंने पान गुटखा, तंबाकू, शराब, सिगरेट और ड्रग्स जैसे घातक व्यसनों के दुष्प्रभावों को बेहद संजीदगी से प्रस्तुत कियाए जिसे उपस्थित जनसमूह ने काफी सराहा .

## अमानक स्तर के मक्का के बीज पर प्रतिबंध

शाजापुर, 25 जुलाई. किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक एवं अनुज्ञापन अधिकारी आरएल जामरे ने विरेन कृषि सेवा केंद्र शुजालपुर मंडी द्वारा जयनित सीड्स प्रालि गांधी नगर गुजरात के मक्का के बीज में नार्मल अंकुरण क्षमता 90 प्रतिशत से कम होने पर मक्का के लॉट नम्बर जेएनआरबी-2627-12 के अमानक बीज के लॉटो की मात्रा को जिले में तथा जिले से बाहर क्रय, विक्रय, भंडारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया हैं. इसी प्रकार पाटीदार कृषि सेवा केंद्र कालापीपल द्वारा जेनिक्स ग्रीन सीड्स प्रालि गांधी नगर गुजरात के मक्का के बीज में नार्मल अंकुरण क्षमता 90 प्रतिशत से कम होने पर मक्का के लॉट नम्बर 12जे04आरके 99 के अमानक बीज के लॉटो की मात्रा को जिले में तथा जिले से बाहर क्रय, विक्रय भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया हैं.